# पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान पर कार्यशाला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पीएम** गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान के मद्देनजर राज्य विभिन्न विभागों के नोडल एवं तकनीकी अधिकारियों ने रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर में आयोजित क्षमता निर्माण कार्यशाला में भाग लिया। इस मौके पर इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने कहा कि पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान का उद्देश्य आर्थिक एवं बुनियादी ढांचे के विकास को एकीकृत करना, बेहतर व्यापार प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए इंटरकनेक्टेड तथा मल्टीमोडल परिवहन नेटवर्क निर्यात और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए प्रणाली विकसित करना है।

श्री प्रकाश ने पीएम गति शक्ति पोर्टल के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि तीन प्रकार के डेटा प्रारूपों यानी पॉइंट लाइन और पॉलीगॉन टाइप डेटा के बारे में बताया। जिसके माध्यम से विभाग अपनी सूचना व डेटा अपलोड कर सकते हैं। बिजली के खंभों को बिंदु डेटा के रूप में रखा जाएगा, ट्रांसमिशन लाइनों और सड़कों को लाइन डेटा के रूप में दिखाया जाएगा तथा जलाशयोंए,बांधों आदि से संबंधित सूचना को पॉलीगॉन डेटा के रूप में पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। कार्यशाला में पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान से संबंधित राज्य सरकार के 25 से अधिक विभागों के नोडल एवं तकनीकी अधिकारियों ने भाग लिया। आरएसएसी.यूपी के परियोजना प्रबंधक सुशील चंद्रा ने पीएम गति शक्ति पोर्टल के उपयोग तथा सत्यापन एवं विभिन्न लेयर्स के एकीकरण पर एक विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया। उल्लेखनीय है कि माननीय प्रधानमंत्री ने 13 अक्टूबर 2021 को मल्टीमोडल कनेक्टिविटी के विकास के लिए पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान का शुभारंभ किया था, जो विशेष रूप से विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों को एकीकृत योजना तथा इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स के कार्यान्वयन के लिए एक साथ लाने के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। मल्टीमोडल कनेक्टिविटी के माध्यम से नागरिकों, वस्तुओं एवं सेवाओं के परिवहन के एक से दूसरे मोड में आवाजाही के लिए एकीकृत और निर्बाध कनेक्टिविटी उपलब्ध हो सकेगी। यह बुनियादी ढांचे की अंतिम मील की कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करेगा तथा लोगों के लिए यात्रा के समय को भी कम करेगा। कार्यशाला में भाग लेने वालों में विभागीय नोडल एवं तकनीकी अधिकारियों के अतिरिक्त विशेष सचिवए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी.श्री प्रकाश बिंदुए आरएसएसी.यूपी के वरिष्ठ अधिकारी. डॉ एम एस यादव, डॉ॰ उदयराज और डॉ पीपीएस यादव आदि सम्मिलित थे।